नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 308/2021
Dt- 31-8-2021

अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः–**ललित नारायण जनता महाविद्यालय झंझारपुर (मधुबनी) में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ करने के संबंध में।**

महाशय,

राज्य में उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देने एवं जन–जन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। भविष्य को देखते हुए उच्चतर शिक्षा के विकास में स्नातकोत्तर की पढ़ाई सुलभ कराने हेतु सीटों की संख्या में वृद्धि एवं विभिन्न शहरों के महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारंभ कराने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, जो सराहनीय है।

आपका ध्यान आकृष्ट करना है कि विगत 62 वर्षों से (1959 में स्थापित) ललित नारायण जनता महाविद्यालय, झंझारपुर (मधुबनी) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में न्यायपूर्ण योगदान दे रहा है। यह झंझारपुर अनुमंडल में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अधीन एकमात्र अंगीभूत इकाई है। जहां इन्टरमीडियट एवं स्नातक के हजारों छात्र/छात्राएँ अध्ययन कर रहे हैं। मधुबनी जिला का सबसे पुराना अनुमंडल के साथ झंझारपुर एक बड़ा शहर भी है जहां अनेक विद्यालय, अस्पताल, न्यायालय, रेलवे जं0, जिला पॉलिटेक्नीक संस्थान, निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, राज्य एवं भारत सरकार के कई कार्यालय सहित अनेक व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं।

झंझारपुर एवं फुलपरास अनुमंडल के स्थानीय छात्र/छात्राओं को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का अध्ययन की लालसा होने के बावजूद, मधुबनी की अधिक दूरी होने के कारण, वहां से आवागमन तथा रहने में परेशानी के फलस्वरूप अध्ययन नहीं कर पाते हैं, क्योंकि मधुबनी जिला में राम कृष्ण महाविद्यालय, मधुबनी में ही एक मात्र स्नातकोत्तर की पढ़ाई की जाती है। प्रत्येक विषय में स्थान सीमित होने के कारण अधिकांश छात्र/छात्राएं नामांकन से वंचित रह जाते हैं।

झंझारपुर एवं फुलपरास दोनों अनुमंडलों को मिलाकर मधुबनी जिला की लगभग 40 प्रतिशत आबादी निवास करती है। ललित नारायण जनता महाविद्यालय, झंझारपुर में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ होने से झंझारपुर एवं फुलपरास अनुमंडल के छात्र/छात्राओं को ही नहीं, भौगोलिक दृष्टिकोण से दरभंगा एवं सुपौल जिले के निकटवर्ती क्षेत्रों एवं सीमावर्ती देश नेपाल के छात्र/छात्राओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

ललित नारायण जनता कॉलेज, झंझारपुर में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ कराने के संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में भी पत्रांक 85/2021 दिनांक 17.2.2021 के माध्यम से आपको आग्रह किया गया है।

अतः अनुरोध है कि विगत 62 वर्षों से संचालित ललित नारायण जनता महाविद्यालय, झंझारपुर (मधुबनी) में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे, ताकि भौगोलिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण झंझारपुर को उच्चतर शिक्षा में उपलब्धि प्राप्त हो।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
31.8.21

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitis! www.jhanjharpur.co.in